# CBSE Class 8 Maths Notes Chapter 2 एक चर वाले रैखिक समीकरण

→ समीकरणों में सदैव समता = का चिह्न प्रयुक्त होता है।

→ जब व्यंजकों में प्रयोग होने वाले चर की अधिकतम घात एक होती है, तो वे रैखिक व्यंजक कहलाते हैं।

→ केवल एक चर वाले व्यंजकों से बनने वाले समीकरण जिनमें चर की अधिकतम घात एक होगी, एक चर वाले रैखिक समीकरण कहलाते हैं।

→ बीजीय समीकरणों में समता के चिह्न के एक ओर वाले व्यंजक का मान उसके दूसरी ओर वाले व्यंजक के मान के बराबर होता है।

→ एक रैखिक समीकरण का हल कोई भी परिमेय संख्या हो सकती है।

→ समीकरण में किसी पद के चिह्न बदलकर उसे समीकरण के दूसरे पक्ष में पक्षान्तरित किया जा सकता है।

→ समीकरण को हल करने से पहले उसे सरल बना लिया जाता है। समानता को बदले बिना हम...

- समीकरण के दोनों पक्षों में समान संख्या जोड़/घटा सकते हैं।
- समीकरण के दोनों पक्षों में 0 को छोड़कर किसी भी संख्या का गुणा/भाग कर सकते हैं।

→ संख्याओं, आयु, परिमापों तथा मुद्रा के रूप में प्रयोग होने वाले सिक्कों व नोटों पर आधारित अनेक प्रकार की संख्याएँ रैखिक समीकरणों का प्रयोग कर हल की जा सकती हैं।